# सेवा पखवाडे की हर गतिविधियों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करें

## समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सतना 15 सितंबर, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाडे के दौरान राज्य शासन द्वारा विभिन्न विभागों को निर्दिष्ट की गई गतिविधियों का क्रियान्वयन प्रभावी रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग की गतिविधियों की जानकारी पोर्टल पर भी अपलोड करें।**





सोमवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने सेवा पर्व, सेवा स्वच्छता पखवाडा, कर्मयोगी अभियान, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान की समीक्षा की। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर, एलआर जांगडे, आरएन खरे, जीतेन्द्र वर्मा, सुमेश द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि सेवा पखवाडे के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा प्रत्येक दिवस विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। विभागों के परस्पर समन्वय से कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन कराये और सभी कार्यक्रमों में जन प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने कहा कि 17 सितंबर को स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग के समन्वय से स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान और राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ होगा। इसी प्रकार ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलेगा। वन विभाग द्वारा इस दौरान सेवा पर्व मनाया जायेगा। इसके तहत 18 सितंबर को चित्रकूट में वृहद कार्यक्रम रखा गया है। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान और संस्कृति विभाग द्वारा सेवा पर्व पखवाडा मनाया जायेगा। इस दौरान 21 सितंबर को नगर निगम क्षेत्र में मैराथन का भी आयोजन किया जाये। कलेक्टर ने कहा कि 25 सितंबर को एक घंटा श्रमदान के सूत्र पर सभी नगरीय निकायों में 9 से 12 बजे दोपहर तक सामूहिक स्वच्छता श्रमदान के कार्यक्रम रखे जाये। इसी तरह सभी विभाग 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के साथ ही पखवाडा के समापन पर कार्यक्रम आयोजित करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सभी संबंधित विभाग और अधिकारियों को दायित्व सौपे गये है। जिनका क्रियान्वयन गंभीरतापूर्वक करें। अभियान के दौरान किये गये कार्यक्रमों की जानकारी फोटो, वीडियो, न्यूज क्लिप अपनी दर्शायी गई बेवसाइट पोर्टल पर अपलोड करायेंगे। कलेक्टर ने कहा कि अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा और मानीटरिंग उच्च स्तर पर की जा रही है। इसलिए पूरी गंभीरता और तन्मयता के साथ गतिविधियों का क्रियान्वयन करें।

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि ग्रेडिंग के लिए अभी 4-5 दिन का समय शेष है। इस दौरान आवेदकों से बातचीत कर समस्याओं का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराये। राजस्व और पंचायत ग्रामीण विकास विभाग को अधिक मेहनत की जरूरत है। सभी विभाग मिलकर अगस्त माह की शिकायतों का अधिक से अधिक संतुष्टिकरण और डिमाण्ड क्लोजर निराकरण कराये। धरती आबा अभियान की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि सेवा पखवाडा और कर्मयोगी अभियान के दौरान चयनित ग्रामों में विलेज डिवलपमेंट प्लान भी तैयार करें और पोर्टल पर अपलोड कराये। कलेक्टर ने रेल्वे लाइन दोहरीकरण के भू अर्जन संबंधी बिंदुओं पर चर्चा की।



# किसानों को खाद वितरण में नहीं हो कोई भी असुविधा : रानी बाटड

## कलेक्टर मैहर ने किया रामनगर क्षेत्र का भ्रमण

नवभारत न्यूज

**सतना 15 सितंबर, मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने सोमवार को मैहर जिले के रामनगर विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने खाद वितरण केन्द्रों और समितियों में जाकर वितरण व्यवस्था और केन्द्र में छाया, पेयजल आदि सुविधाओं का अवलोकन किया। इस मौके पर एसडीएम एसपी मिश्रा भी उपस्थित रहे।**

कलेक्टर रानी बाटड ने अपने निरीक्षण के दौरान सोहौला ग्राम पंचायत के धरती आबा उत्कर्ष अभियान में विभिन्न योजनाओं सहित जारी आधारकार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्रों की जानकारी ली और समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। आंगनवाडी केन्द्र सोहौला और मिनी आंगनवाडी का निरीक्षण कर बच्चों की उपस्थिति देखी। आंगनवाडी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति कम पाये जाने पर आंगनवाडी कार्यक्रर्ता तथा सहायिका को उपस्थिति बढाने के निर्देश दिये। उन्होंने रसोइया नहीं होने के फलस्वरूप पोषण आहार नहीं तैयार करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आंगनवाडी कार्यकर्ता को चेतावनी दी। माध्यमिक शाला सोहौला के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में दो अतिथि शिक्षक और एक प्रभारी शिक्षक उपस्थित पाये गये। कलेक्टर ने बच्चों से प्रश्न पूंछकर शैक्षणिक स्तर का मूल्यांकन किया और शिक्षकों को शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत गैलहरी के चितहा ग्राम पहुंचकर धरती आबा अभियन के कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने आंगनवाडी केन्द्र चितहा का भी निरीक्षण किया। जहां बच्चों को पोषण आहार का वितरण नहीं पाये जाने पर सीईओ जनपद पंचायत रामनगर को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। प्राथमिक शाला चितहा के निरीक्षण के दौरान स्व-सहायता समूह द्वारा मध्यान्ह भोजन वितरित नहीं किये जाने पर सीईओ को समूह के विरूद्ध कार्यवाही करने तथा इस शाला में पदस्थ शिक्षक शारदा प्रसाद नामदेव को वर्ष 2022 से तहसील रामनगर में निर्वाचन कार्य में संलग्न पाये जाने पर तत्काल भारमुक्त कर शाला में उपस्थित कराने के निर्देश दिये। आदिवासी छात्रावास रामनगर के निरीक्षण के दौरान छात्रावास में भोजन और भण्डार कक्ष में खाद्य सामग्री व्यवस्थित रूप से नहीं रखने पर छात्रावास अधीक्षक को छात्रावास व्यवस्थित संचालन के निर्देशित देते हुए रसोई घर को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिये। तहसील रामनगर के लोक सेवा केन्द्र के निरीक्षण के दौरान केन्द्र के बोर्ड में अभी भी रामनगर जिला सतना लिखा

### रामनगर में आज से शुरु होगी रामलीला की प्रस्तुति

**रामनगर ।** आदर्श मंडल रामलीला व्यापारी संघ द्वारा पुरानी नगर परिषद वार्ड क्रमांक 7 में दिनांक 16-9-2025 मंगलवार से हर बर्ष की भाती इस बर्ष भी रामलीला मंडली मिगराज द्वारा रामलीला का प्रारंभ किया जायेगा। आयोजकों ने समस्त रामनगर क्षेत्र वासियों से आग्रह किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहोंचा कर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के गुणगान प्रस्तुतित का अलौकिक भक्त रस दृश्य का लुप्त लाभ लें।

# गांजा तस्कर 400 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 15 सितंबर, थाना रामपुर बाघेलान पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से 400 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त आरोपी को गिरफ्तार किया है।**

विश्वसनीय सूत्रो के माध्यम से अवैध नशीले मादक पदार्थ गांजा की तस्करी की सूचना पर दिनांक 15.09.2025 को थाना प्रभारी थाना रामपुर बाघेलान संदीप चतुर्वेदी द्वारा उप निरी. लालता प्रसाद वर्मा के हमराह टीम गठित कर रेड कार्यवाही की गई । रेड कार्यवाही के दौरान घटनास्थल ग्राम ग्राम उमरी शिवराजी से आरोपी जमुना प्रसाद पटेल पिता स्वामीदीन पटेल उम्र 65 वर्ष निवासी उमरी शिवराजी थाना रामपुर बाघेलान के कब्जे से 400 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती लगभग 5000 रू. की मिली जिसे आरोपी के कब्जे से जब्त किया गया । आरोपी के विरूद्ध थाना रामपुर बाघेलान में अपराध क्र. 803/25 धारा 8,20 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध किया गया है । कार्यवाही में निरी. संदीप चतुर्वेदी थाना प्रभारी थाना रामपुर बाघेलान, उप निरी. लालता प्रसाद वर्मा,प्रआर सीताशरण द्विवेदी,आर. विकास सिंह आर मनोज गौतम का सराहनीय योगदान रहा।

# मैहर में सेवा पखवाडा अभियान के कार्यक्रमों की जिला स्तरीय शुरूआत 17 को

## कलेक्टर ने अधिकारियों की वीडियो कान्फेसिंग समीक्षा बैठक ली

नवभारत न्यूज

**सतना 15 सितंबर, कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने कलेक्ट्रेट मैहर के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष से जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह, सांसद गणेश सिंह, विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों से वीसी लिंक के माध्यम से वर्चुअली जुडकर आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिले में चलाये जाने वाले सेवा पखवाडा अभियान की तैयारियों की समीक्षा की।**



इस दौरान अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी, नगर पालिका अधिकारी सुषमा मिश्रा, महिला बाल विकास अधिकारी राजेन्द्र बांगरे, जिला शिक्षा अधिकारी कंचन श्रीवास्तव, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, जिला संयोजक डॉ. अरूण शुक्ला सहित अन्य अधिकारी भी वीसी लिंक से जुडे रहे। कलेक्टर रानी बाटड ने बताया कि जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाडा अभियान चलाया जायेगा। नागरिकों में स्वच्छता सेवा और सामुदायिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने आमजन की सक्रिय भागीदारी लेते हुए इस अभियान का उद्देश्य जन भागीदारी स्वच्छता सेवा और जनकल्याणकारी कार्यकमों को व्यापक स्वरूप देना है। अभियान के प्रभावी व्यवस्थित और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गई है। इनमें समस्त तहसीलों के स्वास्थ्य केन्द्र, मैहर जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर, समस्त जनपद पंचायत और नगरीय निकायों में स्वच्छता अभियान, सभी तहसील के स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य शिविर, जिला मुख्यालय मैहर के पर्यटन भवन में दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण, जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालय पर महिला स्वसहायता समूहों की उत्पादों की प्रदर्शनी, मेले, समस्त शासकीय-अशासकीय विद्यालयों के विकसित भारत थीम पर चित्रकला, वाद-विवाद, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन, सभी नगरीय निकाय ग्राम पंचायतों में नमो पार्क, नमो वन, नमो उपवन की स्थापना के कार्यक्रम होंगे। इस दौरान 25 सितंबर को एक पेड मां के नाम और एक बगिया मां के नाम कार्यक्रम में बृहद वृक्षारोपण तथा गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को खादी उत्पादों की खरीद एवं प्रोत्साहन के कार्यक्रम भी होंगे। कलेक्टर ने कहा कि अभियान के शुभारंभ अवसर पर जिला स्तर पर प्रात: चिकित्सालयों में स्वच्छता की गतिविधि आयोजित होगी। इसके बाद जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर पालिका मैहर के सामने आयोजित किया जायेगा।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय में इंजीनियर्स डे आयोजित

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 15 सितम्बर । महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी संकाय में इंजीनियर्स डे के अवसर पर व्याख्यान, इंजीनियरिंग मॉडल क्रिएशन प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि गतिविधियां आयोजित की गई।**



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलसचिव प्रो. आर सी त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता डॉ आञ्जनेय पांडेय ने की। कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन, दर्शकों का मनोरंजन किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी ने छात्रों को इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रो त्रिपाठी ने कहा कि चित्रकूट सोशल इंजीनियरिंग का बहुत बड़ा क्षेत्र है। पूर्व यहां किए गए अविष्कारों का उल्लेख नहीं हो पाया है। उन्होंने स्फटिक शिला से जुड़े वनवासी राम के मानस प्रसंग को बताते हुए कहा कि उनके द्वारा चलाया गया बाण अभियंत्रित बाण था। इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भारत ने बड़ी तरक्की की है। इंजीनियरिंग का योगदान समाज के प्रत्येक क्षेत्र में बढ़ रहा है। अधिष्ठाता डॉ आञ्जनेय पांडेय ने कहा कि भारत ने विश्व को शून्य संख्या का ज्ञान दिया। इसी क्रम में भारत के गणितज्ञ श्री दत्तात्रेय रामचंद्र कापरेकर ने एक जादुई संख्या 6174 से परिचित कराया। इसकी विशेषता है कि किसी भी चार अंक जिसमें कम से कम एक भिन्न संख्या हो, उससे निर्मित अधिकतम तथा न्यूनतम संख्या का अंतर निकालने पर बची संख्या से पुन: उपरोक्त प्रक्रिया अपनाई जाए, अधिकतम सात बार में उपरोक्त संख्या प्राप्त होगी। इसे कापरेकर कांस्टेंट कहा जाता है। डॉ पांडेय ने सोशल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भगवान राम द्वारा वनवास काल में किए गए कार्यों को बताया। उन्होंने नाना जी देशमुख द्वारा किए गए कार्यों को सोशल इंजीनियरिंग के रूप में निरूपित किया। भारतीय ज्ञान परंपरा पर प्रकाश डालते हुए डॉ पांडेय ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय की स्थापना को नाना जी देशमुख की सोशल इंजीनियरिंग परिणाम बताया। अधिष्ठाता डॉ. आञ्जनेय पांडेय ने कार्यक्रम की सफलता के लिए छात्रों और शिक्षकों की सराहना की। निदेशक यांत्रिक इकाई इंजी चंद्र प्रकाश बस्तानी ने धन्यवाद ज्ञापन में सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपनी रुचि को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करना था। संयुक्त मंच संचालन शांभवी सिंह, रिया केसरवानी, कुशल कश्यप ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वस्तिका, कशिश, शिवानी, दुर्गेश नंदिनी, सृष्टि ने मां सरस्वती शारदे गीत के बोल के साथ सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। शिवानी, तनिष्का, सुहानी, आकृति, प्राची ने एक दंत वक्र और शंभू सुकाया बोल के साथ गणेश वंदना की। श्रेया सिंह ने सोलो डांस किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में प्रस्तुत वेलकम सॉन्ग में त्रियांशी, स्वास्तिका, काशीश, शिवानी, दुर्गेश नंदिनी और सृष्टि ने अपने मधुर स्वरों से दर्शकों का स्वागत किया। डांस परफॉर्मेंस में अयांश, आदर्श द्विवेदी, शिव त्रिपाठी और उज्ज्वल शुक्ला ने अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अलावा, आरुषि करवरीया और दिव्यश्री सिंह ने भी अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। द्वितीय समूह की लड़कियों के डांस परफॉर्मेंस में शिवांशी, वंशिका तिवारी, श्रृष्टि केशरवानी, तनिष्का, सुहानी, अक्रिति, प्राची और प्रांशि सिंह ने अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मौके पर दूरसंचार विभाग के महावीर सिंह एसडीओ, अंकित सोनी जेटीओ, एयर डिविट के डायरेक्टर आनंद मिश्र सहित ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

# रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज



**मैहर 15 सितंबर,** मैहर कोतवाली अंतर्गत पूर्व में आवेदक द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि आरोपी धर्मेंद्र पिता मुन्ना कापड़िया निवासी वार्ड 14 कटनी रोड मैहर के द्वारा बुरी बुरी गाली देकर मारपीट जान से मारने की धमकी देकर शराब पीने के लिए पैसे मांगे जिसकी रिपोर्ट पर थाना मैहर में अपराध धारा 296 119(1) 351(3) 118(1)115(2) बीएनएस दर्ज की गई थी आज गिरफ्तार किया गया ज्ञात है कि आरोपी के विरुद्ध पूर्व से 15 से अधिक अपराध चोरी रंगदारी मारपीट वसूलना मारपीट व अन्य धाराओं के केस दर्ज हैं।

# सेवा पखवाड़ा की रुपरेखा बनाने भाजपा भरजुना मंडल की हुई कार्यशाला

नवभारत न्यूज

**सतना 15 सितंबर, प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़ा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम की रूपरेखा व कार्य विभाजन संबंधित तैयारी की भरजुना मंडल की कार्यशाला आज भरजुना मण्डल के हनुमान मंदिर कटवारिया में आयोजित हुई।**



कार्यशाला में जिला उपाअध्यक्ष मुरारी सोनी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ एवं रैगाँव विधानसभा के सेवा पखवाड़ा के प्रभारी ब्रजेश चौधरी ने भी अपना मार्गदर्शन दिये। कार्यशाला बैठक में मंडल अध्यक्ष आकांझा सिंह , मण्डल प्रभारी राजेश शुक्ला, पूर्व मण्डल अध्यक्ष हिरामन सिंह , काठवरिया सरपंच राकेश सिंह , महामंत्री शिवकांत गौतम , सूरज गौतम किसान मोर्चा अध्यक्ष अन्नू चौबे, वीरेंद्र सिंह , मुकेश पाण्डेय , शीतल पाण्डेय प्रदीप पाण्डेय , अनिल त्रिपाठी , प्रकाश सिंह , प्रमोद शर्मा ,रतन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बाल मित्र योजना के अंतर्गत छात्रों का प्रेरणादायी थाना भ्रमण

नवभारत न्यूज

**अमदरा 15 सितंबर, मां दुर्गा शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल, घुनवारा के नन्हें विद्यार्थियों ने आज बाल मित्र योजना के अंतर्गत अमदरा थाना का स्नेहमय भ्रमण किया।**



थाना प्रभारी श्रीमती रेनू मिश्रा एवं उनके सहयोगी स्टाफ ने बच्चों का आत्मीय स्वागत कर पुलिस परिवार की गरिमा और कर्तव्यनिष्ठा से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने थाना परिसर का अवलोकन करते हुए पुलिस की दैनंदिन कार्यशैली, अभिलेख व्यवस्था, डायल-112 की त्वरित सेवा तथा अपराध निवारण के उपायों को निकट से समझा। टी.आई. मिश्रा ने अपने प्रेरक उद्बोधन में बच्चों को अनुशासन, नशामुक्त जीवन, सुरक्षा नियमों एवं आदर्श नागरिक बनने का अमूल्य संदेश दिया। विद्यालय की ओर से प्राचार्य हीरा लाल तिवारी एवं सुश्री सूर्यांका चतुर्वेदी भी इस अवसर पर सम्मिलित रहे। वहीं विद्यायल के संचालक संजय शुक्ला और विद्यालय परिवार ने इस पुनीत पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में न केवल जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ता है बल्कि उन्हें कर्तव्य, सत्य और साहस की ओर अग्रसर करते हैं।



# बिहरा में भागवत कथा का आयोजन

नवभारत न्यूज

**कोटर 15सितंबर, क्षेत्र के बिहरा ग्राम पंचायत में श्री मद भागवत कथा का आयोजन चल रहा है पितृ पक्ष में पूर्वजों के निमित्त श्री मद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जिसमें आज श्री कृष्ण जन्म उत्सव मनाया गया ।**

इस अवसर पर महिलाओं द्वारा सोहर गीत का गायन किया गया कथा वाचक महेंद्रकृष्ण शास्त्री वृंदावन द्वारा कथा वाचन बहुत ही सुन्दर ढंग से किया जा रहा है। कथा श्रोता नरेन्द्र पाण्डेय अनूप पाण्डेय है। इस मौके पर रमाकांत दुबे, दयाशंकर पाण्डेय, महेंद्र पाण्डेय, सतीश पांडेय, बद्री प्रसाद तिवारी, राजकुमार पाठक, मनोज पाठक, मुकुटधारी कुशवाहा, लक्ष्मण कुशवाहा, सहित काफी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।

# नाबालिक लड़की से बलात्संग का फरार आरोपी गिरफ्तार

## बदेरा थाना पुलिस की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**मैहर 15 सितंबर, थाना बदेरा पुलिस टीम द्वारा नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर बलात्संग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।**

दिनांक 3/9/25 को पीड़िता द्वारा भदनपुर निवासी 28 वर्षीय युवक के विरुद्ध पीड़िता को बहला फुसलाकर बलात्संग करने के संबंध में लिखित आवेदन दिया गया था । जिस पर थाना बदेरा में आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक-224/25 धारा 65(1)64(2) (एम) 351(3) बी.एन.एस.एवं 4(2) पाक्सो एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया । दौरान विवेचना फरार चल रहे आरोपी के उसके गृह ग्राम में होने की सूचना पर थाना स्तर पर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर आरोपी को ग्राम भदनपुर से गिरफ्तार किया गया एवम बाद आवश्यक विवेचना कार्यवाही के माननीय न्यायालय पेश किया गया है । इस कार्रवाई में निरी. अभिषेक सिह परिहार, उपनिरी. आर.एन. रावत , सउनि. सूर्यभान ठकुरि?ा , प्र.आऱ. मनीष लारिया आऱ. शम्भू राय ,आर. गजराज सिंह आर. चिन्ताणमी पाण्डेय ,आऱ. सुशील कुमार की सराहनीय भूमिका रही ।

# महीनों से प्रभावित हैं कोठी के वार्ड 8 ,9 ,10 की पानी सप्लाई

नवभारत न्यूज

**कोठी 15 सितंबर, पिछले बरसात में कोठी के वार्ड क्रमांक 9 में नाली निर्माण का कार्य कराया गया था जिसके कारण पानी सप्लाई की लाइन टूट गई थी जिसके चलते वार्ड क्रमांक 8 ,9 ,10 में नियमित रूप से सुबह आने वाले पानी की सप्लाई बाधित होने लगी और उसका क्रम टूट गया और सुबह की जगह कभी शाम तो कभी रात में पानी आता है.**



कभी-कभी देर रात आता और कभी-कभी आता भी नहीं जिसके चलते वार्ड के निवासियों को पानी की समस्या होने लगी वार्ड वासियों ने बताया कि कई बार नगर परिषद में अवगत कराए जाने के बाद भी अभी तक सुधार कार्य नहीं हुआ इसके चलते यह समस्या बनी हुई है । कोठी के वार्ड क्रमांक 9 के निवासी एवं स्थानीय व्यापारी प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि यह समस्या पिछले दो-तीन महीनों से बनी हुई है कई बार जिम्मेदारों को इस समस्या से अवगत कराया गया है परंतु अभी तक सही ढंग से कार्य नहीं किया गया जिसके चलते स्थानीय रहवासियों को समस्या आ रही है वहीं वार्ड क्रमांक 10 के निवासी संतोष अग्रवाल ने बताया कि पिछले 2 महीने से अधिक समय हो गया पानी सही समय पर नहीं मिल पा रहा है जिससे दैनिक दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है और पानी के लिए इंतजार करना पड़ता है क्योंकि उसका आने का कोई नियमित क्रम नहीं है कभी-कभी तो आता ही नहीं है कई बार हमने विभाग में सूचना दी परंतु अभी भी हालत जस की तस है। जब पानी की समस्या होने की बात वार्ड वासियों द्वारा हमें बताई गई तब हमने नगर परिषद के जलकर विभाग के प्रभारी अशोक पांडे से पूछा तब उन्होंने कहा कि नाली निर्माण के चलते पाइपलाइन टूट गई थी जिससे पानी सप्लाई बाधित हुई है और एक मोटर से ही काम चलाना पड़ रहा है जिसके चलते सुबह की जगह शाम को पानी जा रहा है जरूरी सामग्री मंगवाई गई है एक सप्ताह के अंदर सामग्री आ जाएगी और टूटी हुई पाइपलाइन बन जाएगी और यह समस्या खत्म हो जाएगी।

### कोठी में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन आज

**कोठी ।** दीन सहायक संस्था कोठी के मीडिया विभाग के सदस्य ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत पिछले हर महीना की भांति इस महीने की भी 16 सितंबर को कोठी के दीन सहायक संस्था कोठी के तत्वावधान में संस्था प्रांगण में श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट के चिकित्सकों द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है जो सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक चलेगा ।

# स्कूली छात्र छात्राओं को कराया गया थाना भ्रमण



नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 15 सितंबर, पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे अभियान बाल मित्र योजना के तहत अमरपाटन पुलिस के द्वारा स्कूल के छात्र छात्राओ को थाना भ्रमण कराया गया ।**

इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह परस्ते ने विद्यार्थियों को थाने की कार्यप्रणाली एवं दैनिक क्रियाकलापों की जानकारी दी, साथ ही उन्हें यातायात नियमों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया । इसके अतिरिक्त छात्रों को साइबर अपराध से बचाव के उपाय, डायल-112 आपातकालीन सेवा का महत्व, तथा नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी देकर जागरूक किया गया।

### सी एम राइज स्कूल के 8 छात्र - छात्राएं राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट परीक्षा में सफल

**रामनगर ।** सी एम राइज शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर जिला मैहर मध्य प्रदेश के कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट परीक्षा वर्ष 2024 - 25 में संस्था का नाम गौरवान्वित करते हुए कुल 8 छात्रों ने सफलता प्राप्त की । सफल छात्रों में दक्षराज कोल रैंक 16 विवेक शुक्ला रैंक 22 रिया यादव रैंक 48 शांति यादव रैंक 80 अंजलि प्रजापति रैंक 137 सरोज यादव रैंक 146 रितेश सिंह रैंक 185 आदित्य कुमार रावत रैंक 323 सफल छात्रों को एवं कुशल मार्गदर्शक। शिक्षक शिक्षिकाओं को विद्यालय परिवार की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं।

